DoIT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

एफ.2(1222)सूप्रौ./संस्था/12/01991/2023 जयपुर, दिनांक 31/03/2023

**कार्यालय आदेश**

राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1992 के नियम 29 (ख) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा राजस्थान कम्प्यूटर अधीनस्थ सेवा के पद सहायक प्रोग्रामर की वर्ष 2021–22 की रिक्तियों में श्री मोहित मलिक, सूचना सहायक का राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958, के नियम–13 के अन्तर्गत दिनांक 15.06.2021 से निलंबित होने के कारण विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा अनुसार इनके प्रकरण को सीलबंद लिफाफे में रखा जाकर पद रिक्त रखा गया।

विभागीय आदेश कमांक एफ.2(2764)सू.प्रौ./संस्था/14/00951 दिनांक 16.02.2023 के द्वारा श्री मोहित मलिक, सूचना सहायक को राजस्थान सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण, अपील) नियम, 1958 के नियम–16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही में आरोप मुक्त हो जाने के कारण निलंबन से बहाल किया गया।

अतः विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा पर श्री मोहित मलिक, सूचना सहायक को राजस्थान कम्प्यूटर अधीनस्थ सेवा के पद सहायक प्रोग्रामर की पे–मैट्रिक्स लेवल संख्या–10 पदोन्नति वर्ष 2021–22 की दिनांक 10.03.2022 को उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्ध वरिष्ठता–सह–योग्यता के आधार पर एतद् द्वारा पदोन्नत किया जाता है। चयन सूची में इनका नाम श्री जगदीश कुमार पुत्र श्री देवी लाल माली के नीचे और श्री राजेश जांगिड़ के ऊपर प्रतिस्थापित किया जाता है।

श्री मोहित मलिक, सूचना सहायक के पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जा रहे है। पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होंगें।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

आज्ञा से,

(सुनील छाबड़ा)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2 निजी सचिव, आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3 संबंधित विभागाध्यक्ष.........................................
4 तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव/प्रभारी अधिकारी संस्थापन/कार्यालयाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
5 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
6 संबंधित कर्मचारी।
7 निजी/रक्षित पत्रावली।

एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक)